# माता के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की जीप की बस से भिड़न्त, 6 घायल

## एनएच-11बी पर कोंडर मोड के पास हुआ हादसा

**करौली, (निंसं.)।** कैलादेवी से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालु की बोलरो जीप को एनएच 11 बी पर कोंडर मोड़ के पास एक अनियंत्रित रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में बोलेरो सवार छह लोग घायल हो गए। जिन्हे उपचार के लिए करौली चिकित्सालय में भर्ती कराया है। जहां उपचार जारी है।

करौली चिकित्सालय पुलिस चौकी प्रभारी महेश शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश के सुकभान का पुरा थाना मनसू का पुरा पिनाहट निवासी रूपेंद्र अपने परिवार के साथ दो वाहनों में सवार होकर कैलादेवी की ध्वजा चढ़ाने और दर्शन करने आए थे। शनिवार प्रात: करीब 9 बजे कैलादेवी से दर्शन कर वापस अपने गांव लौट रहे थे। इस दौरान करौली सरमथुरा मार्ग स्थित एनएच 11 बी पर कोंडर टोल नाके के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तार अनियंत्रित रोडवेज बस ने बोलेरो को टक्कर मार दी। रोडवेज की टक्कर से मौके पर चीख-पुकार मच गई।

आस-पास मौजूद लोगों ने एंबुलेंस को घटना की सूचना दी। एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए करौली चिकित्सालय पहुंचाया। जहां उपचार जारी है। दुर्घटना में चांदनी पत्नी गोविंद 21 निवासी धौलपुर,पूजा पत्नी सतेंद्र 32 निवासी सुकभान का पुरा थाना मनसू का पुरा पिनाहट उत्तर प्रदेश जीप चालक मोनू पुत्र विशंभर 30, पूनम पत्नी रूपेंद्र 32 निवासी सुकभान का पुरा थाना मनसू का पुरा पिनाहट, सोनिया पुत्री गोविंद सिंह 3 धौलपुर, गोविंद पुत्र भीकम सिंह 28 निवासी धौलपुर का सामान्य चिकित्सालय में उपचार चल रहा है।



करौली-धौलपुर हाईवे पर जीप पलट गई।

# करौली बस स्टैंड पर सो रही गर्भवती महिला को बस ने कुचला

## घायल महिला करीब 5 माह की गर्भवती थी दुर्घटना में गर्भपात हो गया

**करौली, (निंसं.)** करौली.के केन्द्रीय रोडवेज बस स्टैंड पर सो रही महिला यात्री को शुक्रवार देर रात्रि बस ने कुचल दिया। जिससे महिला यात्री गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को चिकित्सालय में भर्ती कराया है। महिला करीब 5 माह की गर्भवती थी। दुर्घटना में गर्भपात हो गया। घटना के बाद रोडवेज चालक बस लेकर फरार हो गया।

करौली के सामान्य चिकित्सालय पुलिस चौकी कॉन्स्टेबल राम प्रकाश शर्मा ने बताया कि राधिका पत्नी विजेंद्र बैरवा निवासी बाजना सपोटरा अपने पति के साथ दिल्ली जाने के लिए करौली बस स्टैंड पहुंची थी। लेकिन करौली बस स्टैंड पर दिल्ली की बस नहीं मिलने के कारण बस स्टैंड पर ही रुक गई। बस स्टैण्ड पर रात्रि में कांस्टेबल भर्ती के लिए पहुंचे अभ्यार्थी भी खुले में फर्श पर सो रहे थे। तो वह भी अपने पति और अन्य के साथ फर्श पर ही सो गई। रात करीब 10:45 बजे चालक रोडवेज बस लेकर बस स्टैण्ड पर पहुंचा और

■ **रात करीब 10:45 बजे चालक की लापरवाही से हुआ हादसा**

लापरवाही पूर्वक फर्श पर सो रही गर्भवती महिला पर बस चढ़ा दी। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

महिला को गंभीर अवस्था में सामान्य चिकित्सालय में भर्ती कराया है। जहां उसका उपचार जारी है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली थाना अधिकारी दिनेश मीणा ने बताया कि विजेंद्र बैरवा ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें बताया कि राधिका पत्नी विजेंद्र बैरवा निवासी सपोटरा अपने पति के साथ बस स्टैंड पर सो रही थी। इसी दौरान बस ने उसे कुचल दिया। बस चालक राजेंद्र गुर्जर के विरूद्ध पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

## युवक-युवती ने सुसाइड किया

**डूंगरपुर, (निसं)।** डूंगरपुर के धम्बोला थाना इलाके के नवलपुरा गांव में एक युवती और युवक ने एक साथ फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर सीमलवाडा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए हैं। पूरा मामला प्रेम प्रसंग से जुडा हुआ बताया जा रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

धम्बोला थानाधिकारी भैयालाल आंजना ने बताया कि आज सुबह लोगों ने पुलिस थाने पर सूचना दी कि नवलपुरा गांव में वारन्दा बांध के पास नीम के पेड से एक युवक और एक युवती के शव फंदे से लटके हुए हैं। सूचना के बाद एसआई गोविन्दसिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों को ग्रामीणों की मदद से नीचे उतारा और अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया है।

थाना प्रभारी आंजना ने बताया कि युवती की पहचान भंडारी सरपंच अरविदं डामोर की बेटी के रूप में और युवक की पहचान सरपंच के ट्रैक्टर चालक राजेश के रूप में की गई है। सरपंच अरविन्द डामोर की बेटी प्रवीणा डामोर की शादी 3 साल पहले हुई थी। एक साल पहले उसका तलाक हो गया था। तब से वह अपने पीहर में रह रही थी। वहीं मृतक युवक राजेश सरपंच अरविन्द डामोर का ट्रै टर चलाता था। मृतक राजेश शादीशुदा है और उसके एक लडका-लडकी भी है। सरपंच ने बताया की कल शाम से दोनों घर से लापता थे। पुलिस ने दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग का अंदेशा जताया है।

# लोकसभा अध्यक्ष त्रिपल आईटी कोटा का निर्माणाधीन कैम्पस देखने पहुंचे



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रामपुर में बन रहे ट्रिपल आईटी भवन का जायजा लिया।

**कोटा, (निसं)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला अपने संसदीय क्षेत्र कोटा-बूंदी के चार दिवसीय प्रवास पर शुक्रवार को कोटा पहुंचे। उन्होंने रानपुर में ट्रिपल आईटी कोटा के निर्माणाधीन स्थायी कैम्पस का अवलोकन किया। बिरला ने ट्रिपल आईटी के निर्माणाधीन भवन की कार्ययोजना का निरीक्षण किया।

उन्होंने सीपीडब्ल्यूडी अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे कोटा में खुलने वाले प्रथम राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द पूरा करें जिससे अगले शैक्षणिक वर्ष से कोटा के स्थायी कैंपस में ही नए बैच की पढ़ाई प्रारंभ हो सके।

गौरतलब है कि वर्ष 2013 से ही कोटा में कोई शैक्षणिक भवन नहीं होने के कारण त्रिपल आईटी कोटा का संचालन एमएनआईटी, जयपुर में किया जा रहा था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शिक्षा नगरी कोटा में नेशनल इंस्टीट्यूट जल्द शुरू करवाने के लिये केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय से 121 करोड़ की राशि स्वीकृत करवाई। सूत्रों ने बताया कि झालावाड़ रोड़ पर रानपुर में 100 एकड़ क्षेत्रफल में कुल 121 करोड़ की लागत से कोटा ट्रिपल आईटी के स्थायी कैम्पस का निर्माण तेजी से चल रहा है। परिसर के सभी शैक्षणिक और प्रशासनिक भवन पूर्णतया वातानाकूलित होंगे।

ट्रिपल आईटी कोटा में 850 छात्रों की क्षमता वाले 4 मल्टीस्टोरी हॉस्टल बनाये जायेंगे। इनमें 700 छात्रों और 150 छात्राओं के रहने व भोजन की सम्पूर्ण सुविधायें उपलब्ध करवाई जायेगी। परिसर में ही त्रिपल आईटी के निदेशक का आवास तथा स्टाफ क्वार्टर भी बनाये जायेंगे। सीपीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने लोकसभा अध्यक्ष को बताया कि सभी भवन भूकम्परोधी होंगे। परिसर को हरा-भरा रखने के लिये विशाल बगीचा एवं 5000 पौधों का वृक्षारोपण किया जायेगा।

## सवीना थाना पुलिस ने नकबजनी करने वाले को दबोचा

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सवीना थाना पुलिस ने नकबजनी कर कार वाशिंग सेटर से सामन चोरी करने वाले को गिरफ्तार किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीराम स्कूल केसामने सवीना निवासी पीड़ित शैलेन्द्र सुथार पुत्र गिरीश कुमार ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि सवीना मैन रोड़ पर मेरा कार सर्विस सेंटर है। 13 मई 2022 रात में अज्ञात चोर सर्वीस सेंटर का ताला तोड़ कर मोबाईल चर्जर, कार की चाबी, मशीन टूल किट आदी सामान चुरा ले गए।

इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर सवीना थानाधिकारी रविन्द्र चारण के नेतृत्व में एएसआई कासिम दुल्ला खान, कांस्टेबल सतपाल सिंह,राजकमल विश्नोई मय टीम ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यें के अधार पर सुभाषनगर भीलवाड़ा निवासी राहुल कुमार पुत्र प्रमोद को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से चोरी किया माल बरामद किया।

# पानी बेचते टैंकर चालक को कांग्रेस नेता ने पकड़ा

**बीकानेर, (कासं)।** इंदिरा गांधी नहर में बंदी के चलते बीकानेर में भारी पेयजल संकट खड़ा हो गया है। पानी के टैंकर की कीमत दोगुनी होकर पन्द्रह सौ रुपये तक पहुंच गई है। वहीं गरीब आदमी के लिए घर-घर भेजा जा रहा पानी भी धड़ल्ले से बेचा जा रहा है। कांग्रेस नेता ने शनिवार को एक मोहल्ले में सरकारी पानी को बेच रहे टैंकर से चाबी निकाल ली और टैंकर चालक को एक कमरे में बिठा दिया।

दरअसल नहरबंदी के चलते बीकानेर में एक दिन छोड़कर एक दिन पानी देने का प्रावधान किया गया है। इस अवधि में पानी तो आता है लेकिन इतनी कम मात्रा में पानी मिल पा रहा है कि दूर तक जाकर पानी लाना पड़ रहा है। जलदाय विभाग के सहायक व कनिष्ठ अभियंताओं को कम पानी वाले क्षेत्रों में मुफ्त पानी के टैंकर भेजने के आदेश हैं। ये टैंकर तो निकल रहे हैं

■ **सरकारी पानी को टैंकर चालक 15 सौ रुपये में एक ही घर में खाली कर रहे हैं**

लेकिन मोहल्लों में सभी को पानी देने के बजाय पन्द्रह सौ रुपये में टैंकर एक ही घर में खाली कर दिया जाता है।

पिछले कई दिनों से चल रहे इस खेल को कांग्रेस नेता सुभाष स्वामी ने पकड़ लिया है। उन्होंने शनिवार को सर्वोदय बस्ती में टैंकर के पानी को बेच रहे एक चालक को रोक लिया। उसके टैंकर की चाबी कब्जे में लेकर जलदाय विभाग के आला अधिकारियों को मौके पर बुला लिया। आरोप है कि पिछले कई दिनों से आम आदमी के लिए पानी देने के नाम पर जलदाय विभाग टैंकर भेज रहा है। ये टैंकर आम आदमी को देने के बजाय आसानी से बेच दिए जाते हैं।

जलदाय विभाग के अधिकारी इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस नेता ने ही जलदाय विभाग के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाये। स्वामी ने सोशल मीडिया पर सारे हालात को लाइव दिखाते हुए अभियंताओं पर आरोप लगाये। इंदिरा गांधी नहर परियोजना की 67 किलोमीटर लम्बी नहर के रिलाइनिंग के काम के चलते 21 मार्च से 60 दिनों की नहरबंदी है।

21 मार्च से 20 अप्रेल तक आईजीएनपी नहर में आंशिक बंदी रखी गई। इस दौरान पेयजल के लिए नहर में 2 हजार क्यूसेक आगामी 20 अप्रेल तक दिया गया। 21 अप्रेल से आगामी 30 दिनों इंदिरा गांधी नहर में पूर्ण बंदी रहेगी।

# टोल की वसूली बन्द करने की मांग: सात दिन से धरना जारी, आज से क्रमिक अनशन भी शुरू

**चिड़ावा, (निसं)।** चिड़ावा-नारनौल मार्ग पर दो जगह अवैध टोल वसूली बन्द करने की मांग को लेकर लाल चौक पर संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले चल रहा धरना लगातार सातवें दिन भी जारी रहा। शनिवार के धरने की अध्यक्षता कपिल तेतरवाल ने की।

इस दौरान किसान सभा के चिडावा तहसील तहसील अध्यक्ष राजेन्द्र चाहर ने कहा कि मेहनत की कमाई को इस तरह लूटते हुए देखकर चुप नहीं रहा जा सकता। सरकार को भी अब इसे हटाने के तुरंत आदेश देने होंगे। मांग नहीं माने जाने पर आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से धरना स्थल पर क्रमिक अनशन भी शुरू कर दिया। पहले दिन क्रमिक अनशन पर किसान सभा उपाध्यक्ष महावीर यादव कलगांव के नेतृत्व में राष्ट्रीय कलाकार विजेन्द्र शास्त्री, ब्लाक प्रभारी बजरंग लाल बराला, सुरेश कुमावत, कर्मवीर चाहर, राकेश चाहर, जयसिंह हलवाई, सुरेश मीणा, हिमांशु यादव, अनिल, कुलदीप कलगांव बैठे। किसान सभा के ब्लॉक अध्यक्ष बजरंग बराला ने कहा कि सरकार इस भ्रम में नहीं रहे कि इसी तरह लूट चलती रहेगी। हम किसान सभा के सिपाही हैं जब तक अवैध फर्जी टोल वसूली बन्द नहीं होता और जनता से लूटी रकम की वसूली नहीं तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।




टोल वसूली के खिलाफ चल रहा किसानों का धरना सातवें दिन भी जारी रहा।

## मां के बरात में जाने की मना करने पर 8वीं के स्टूडेंट ने फांसी लगाई

**डूंगरपुर, (निसं)।** दोवडा थाना इलाके में 8 वीं क्लास के स्टूडेंट हिमांशु परमार को रात अधिक हो जाने पर उसकी मां ने शादी में जाने से मना कर दिया । गुस्साए युवक ने देर रात पेड पर फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। आज सुबह बेटे का शव पेड़ पर लटका देख परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। दोवडा थानाधिकारी कमलेश चौधरी ने बताया कि पाल मांडव गांव निवासी हिमांशु (18) पुत्र मुकेश परमार 8वी क्लास का स्टूडेंट है।

शुक्रवार को उसके पिता मुकेश मजदूरी के लिए गुजरात गए थे। हिमांशु परमार गांव में ही एक शादी समारोह में जाना चाहता था, लेकिन रात ज्यादा हो जाने से हिमांशु की मां मीरा ने उसे टोका और शादी में जाने से मना कर दिया था। इससे नाराज हिमांशु घर से निकल गया। आज शनिवार सुबह तक घर वापस नहीं आने पर उसकी मां ने तलाश की तो वह घर के पास में ही एक पेड से लटका मिला। हिमांशु का शव पेड से लटका मिलने की सूचना पर मौके पर लोगों की भीड जमा हो गई। पुलिस ने पिता मुकेश की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जोधपुर उपद्रव : सभी दस थाना क्षेत्रों से कर्फ्यू उठा

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर शहर में धीरे- धीरे कर्फ्यू में छूट देते हुए कुछ में कर्फ्यू उठा लिया गया। शनिवार को पुलिस आयुक्तालय ने आदेश जारी कर जिला पूर्व के चार और जिला पश्चिम में सरदारपुरा के शेष एवं प्रतापनगर सदर से पूर्ण कर्फ्यू हटा दिया है। आदेश रविवार की सुबह छह बजे से लागू होगा। कर्फ्यू में कुछ थाना क्षेत्रों में चल रही ढील अवधि में पूर्णत: शांति कायम हो चुकी है। वहां से सप्ताह भर में कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं आई है।

पुलिस मुख्यालय ने आदेश जारी कर बताया कि जिला पूर्व के सदर बाजार, सदर कोतवाली, नागौरी गेट एवं खांडाफलसा क्षेत्र से रविवार की सुबह छह बजे से कर्फ्यू समाप्त किया जाता है। वहीं जिला पश्चिम में सरदारपुरा थाना क्षेत्र के शेष इलाकों एवं प्रतापनगर सदर थाना क्षेत्र को कर्फ्यू मुक्त किया जाता है। अब इन क्षेत्रों में कोई कर्फ्यू लागू नहीं होगा। सरदारपुरा थाना क्षेत्र में दो दिन पहले बी व सी रोड को कर्फ्यू मुक्त किया गया था। अब इस थाना क्षेत्र में रविवार सुबह से कोई कफ़्र्यू लागू नहीं होगा।

■ **सीसीटीवी फुटेज के आधार पर और गिरफ्तारियां हो सकती हैं**

3 मई को चले घटनाक्रम के बाद पुलिस आयुक्तालय के दस थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू लगाने के साथ 39 प्रकरण दर्ज किए गए है। जबकि 42 से ज्यादा गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। पुलिस ने 250 से ज्यादा लोगों को इस बीच हिरासत में लिया था। कईयों का प्रकरण से कोई लेन-देन सामने नहीं आने पर जमानत मिलने पर छोड़ दिया गया था। मगर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से प्रकरणों से 42 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया है। जिनमें कई पुलिस अभिरक्षा में हैं। पुलिस की मानें तो सीसीटीवी फुटेजों को खंगाला जा रहा है। इसमें और भी गिरफ्तारियां संभव हैं। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। निर्दोषों को पूछताछ के बाद छोड़ा भी जा रहा है। पुलिस एक -एक पहलू पर तस्दीक कर गिरफ्तारी कर रही है।

# तपस्वी शांतिमुनि का अजमेर में देवलोक गमन

**अजमेर, (कासं)।** आचार्य विजयराजजी के आज्ञानुवर्ती गणाधिपति महास्थविर श्रमण श्रेष्ठ तपस्वी शांतिमुनि का शुक्रवार रात अजमेर में देवलोक गमन हो गया। डोल यात्रा शनिवार शाम को तेरापंथ भवन, सुंदर विलास से प्रारंभ होकर पुष्कर रोड़ स्थित मुक्ति धाम पहुंची। जिसमें अजमेर सहित देश के विभिन्न कोनो से हजारों की संख्या में जैन धर्मावलम्बियों ने अपने गुरू भगंवत को अंतिम विदाई दी एवं पवित्र आत्मा को मोक्ष प्राप्ति के लिये प्रार्थना की।

अनिल कोठारी ने बताया कि शुक्रवार संध्याकाल ीन प्रतिक्रमण पच्चखाण के पश्चात एकाएक शांतिमुनिजी की तबीयत बिगड़ गई और रात्रि 10.00 बजे आप महाप्रयाण की यात्रा पर निकल गये। आपके देवल ोकगमन के समाचार कुछ ही क्षण में पूरे हिन्दुस्तान में फैल गये और शनिवार को भक्तगणों का तांता लग गया। कृपानिधि राष्ट्र संत शांति मुनि म. सा.का जन्म राजस्थान के चित्तोड़ जिले के ग्राम भदेसर में 29 मई, 1945 तद्नुसार संवत् 2003 ज्येष्ठ कृष्णा 12 को हुआ। पिता शडाल चन्द और माता ल हरी बाई का साया तीन वर्ष की अवस्था में ही उठ गया। तब लालन-पालन बड़े भाई ने किया। सांसारिक मोह माया को त्याग कर समता विभूति आचार्य नानेश से 24 फरवरी, 1963 को 16 वर्ष की आयु में जैन दीक्षा अंगीकार की थी। आचार्य नानेश के मार्गदर्शन में अध्ययन करते हुए जैन सिद्धान्त अलंकार की परीक्षा सन् 1972 में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की।

जैन संत ने अपने दीर्घकालीन सयंम जीवन में देश के विभिन्न प्रांतों मे हजारों किलोमीटर की पदयात्रा कर गाँव गाँव ढाणी-ढाणी में जैन धर्म की पताका लहराई। इनके दिव्य संदेशों से प्रभावित होकर अनेक मुमुक्षों ने संयम मार्ग अपनाया। शिखरचंद सिंगी, ताराचंद करनावट व अनिल कोठारी ने बताया कि आप श्री सहृदयी, मृदुल व्यवहारी एवं स्पष्ट वक्ता थे। महाप्रयाण यात्रा में शांतिमुनिजी के सांसारिक भतिजे पुखराज स्वरूपरिया, मुकेश, राकेश, संजय, प्रदीप आदि परिजनों सहित शामिल हुए। महाप्रयाण यात्रा में एक हजार से ज्यादा भक्तगण नवकार मंत्र का जाप करते गाजे-बाजे के साथ उछाल करते चल रहे थे।



गणाधिपति महास्थविर श्रमण श्रैष्ठ तपस्वी शांतिमुनि।

## गाड़ी की टक्कर से युवक की मौके पर ही मौत

**सादुलपुर, (निसं)।** बीते रोज रात्रि के समय अपने खेत में एनएच-52 के पास प्याऊ लगा रहे एक युवक के होटल से पानी लाते समय ब्रेजा गाड़ी के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाकर टक्कर मारने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। थानाधिकारी कृष्ण कुमार बलौदा ने बताया कि दर्ज मामले में जगदीश ने मामला दर्ज करवाया कि उसका पुत्र सुनील कुमार एवं रामचन्द्र जाट निवासी लुदी झाबर दोनों 13 मई को रात्रि को उसके खेत में हाइवे के नजदीक प्याऊ लगा रहे थे।

समय करीबन 12 बजे उसका पुत्र सुनील कुमार एवं रामचन्द्र दोनों होटल पर पानी लाने के लिए एनएच-52 पर अपनी साइड से सड़क किनारे जा रहे थे। तभी राजगढ की ओर से एक गाडी का चालक लापरवाही से गाडी के चलाते हुए उसके पुत्र सुनील के टक्कर मार दी। रामचन्द्र ने सुनील को संभाला। उसी समय सुरजभान जाट निवासी लुदी झाबर भी अपनी गाडी लेकर आया एवं रामचन्द्र एवं सुरजभान से सुनील कुमार को संभाला। आरोपी ड्राइवर गाड़ी छोडकर भाग गया। गंभीर रूप से घायल सुनील कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है।

# जुरहरा: चोरी की 11 मोटरसाइकिलों के साथ 11 आरोपी गिरफ्तार

## स्थानीय थाना पुलिस ने तीन अलग-अलग टीमें बनाकर कार्रवाई की

**जुरहरा, (निसं) ।** स्थानीय थाना पुलिस ने तीन अलग-अलग टीमें बनाकर अवैध व चोरी की बाइकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चोरी की 11 मोटरसाइकिलों को बरामद कर 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिनके खिलाफ मामला दर्ज कर उनसे पूछताछ की जा रही है।

जुरहरा थाना अधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि शुक्रवार 13 मई जुरहरा थाने से तीन अलग-अलग टीमों के द्वारा अलग अलग जगहों पर नाकाबंदी कर कार्यवाही करते हुए मोहम्मद कैफ पुत्र गनी जाति मेव निवासी ग्राम समधारा थाना जुरहरा, अनिल पुत्र बनसा जाति जाटव निवासी ग्राम काकनखोरी थाना जुरहरा, युसूफ पुत्र नसीर जाति कुरैशी निवासी ग्राम जखोकर थाना बिछोर, लेखराज पुत्र मन्ना जाति जाटव निवासी ग्राम खेड़ली नानू, मुफीद पुत्र नवाब खां का जाति मेव निवासी ग्राम नौगावां थाना जुरहरा, मन्नान पुत्र अताउर रहमान जाति मीरासी निवासी ग्राम झारोकड़ी थाना बिछोर, आसिक पुत्र जुहरू जाति मेव निवासी ग्राम लाडलाका थाना जुरहरा, जावेद पुत्र जान मोहम्मद जाति मेव निवासी ग्राम जखोकर थाना बिछोर, जैकम पुत्र दीनू जाति मेव निवासी ग्राम सबलगढ थाना जुरहरा, हसीन पुत्र जैकम जाति मेव निवासी ग्राम खेड़ला थाना पुन्हाना, मुकेश पुत्र हरि सिंह जाति गाड़िया लोहार निवासी थाने के पास झुग्गी जुरहरा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 11 बाइकों को जप्त किया गया है। थाना अधिकारी ने बताया कि उक्त आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनसे पूछताछ की जा रही है।



जुरहरा पुलिस ने बाइक चोरों को गिरफ्तार किया।